दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 162 मुरादाबाद, 01 October 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दाम में

## संक्षिप्त समाचार



### BSP ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ किया गठबंधन, 178 सीटों पर चुनाव लड़ेगी मायावती की पार्टी

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने इस साल के अंत में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन बनाया है। 230 सदस्यीय विधानसभा में बसपा 178 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि जीजीपी 52 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी। इस साल के अंत में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी (क्रस्क्र) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने गठबंधन कर लिया है। इसकी जानकारी शनिवार को पार्टियों के पदाधिकारियों ने दी है।बसपा के राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम और जीजीपी के राष्ट्रीय महासचिव बलबीर सिंह तोमर ने भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी सीट-बंटवारे की व्यवस्था के अनुसार, बसपा 178 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि जीजीपी 52 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। मध्य प्रदेश में गठबंधन की सरकार? दोनों पार्टियों ने बाद में जारी एक प्रेस बयान में कहा, %दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अत्याचार खत्म करने के लिए मध्य प्रदेश में इस गठबंधन की सरकार बनेगी। इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस का तानाशाही और पूंजीवादी शासन भी खत्म हो जाएगा और गरीबों को न्याय मिलेगा।% जानकारी के लिए बता दें कि 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए इस साल नवंबर में चुनाव होने हैं। बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने दो सीटें जीती थी। हालांकि, बाद में उनका एक विधायक बीजेपी में शामिल हो गया था।

# संकल्प सप्ताह का आगाज: पीएम मोदी बोले- आकांक्षी जिला कार्यक्रम से 112 जिलों में 25 करोड़ लोगों की जिंदगी बदली



प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ही सब कर लेगी, इस सोच से हमें बाहर आना है। समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। जिन-जिन ब्लॉक्स या जिलों में समाज को जोड़ने की ताकत है, मेरा अनुभव है, वहां परिणाम जल्दी मिलते हैं। यही कारण है कि आज स्वच्छता के अभियान ने अपनी जगह बना ली है और एक वातावरण बन गया है कि गंदगी नहीं करनी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए %संकल्प सप्ताह% का शुभारंभ किया। %संकल्प सप्ताह% आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है। आकांक्षी ब्लॉकों के लिए चलने वाले कार्यक्रम 'संकल्प सप्ताह' सप्ताह भर चलेगा। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों की जिंदगी बदल दी है। कार्यक्रम की सफलता अब आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का आधार बनेगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ब्लॉक पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब हर ग्राम पंचायत काम तेजी से करेगी तो ही हर ब्लॉक का विकास तेजी से होगा। जो लोग इस मिशन से जुड़े हैं, मैं सभी लोगों को बधाई देता हूं, धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि अभी जो लोग यहां (भारत मंडपम) आए हैं, वो देश के दूर-सुदूर गांवों की चिंता करने वाले लोग हैं। आखिरी छोर पर बैठे हुए परिवार की चिंता करने वाले लोग हैं। उनकी भलाई के लिए योजनाओं को आगे बढ़ाने वाले लोग हैं और इसी महीने यहां वो लोग भी बैठे थे, जो दुनिया को दिशा देने का काम करते थे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत मंडपम, जहां विश्व नेता वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे, अब उन व्यक्तियों की मेजबानी कर रहा है जो जमीनी स्तर पर बदलाव लाते हैं। मेरे लिए यह शिखर सम्मेलन त्र20 शिखर सम्मेलन जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला प्रोग्राम के लिए हमने बहुत ही सरल रणनीति से काम किया है, क्योंकि सर्वांगीण विकास, सर्व-स्पर्शी विकास, सर्व-हितकारी विकास ये अगर हम नहीं करते हैं तो आंकड़े भले संतोष भी दें, लेकिन मूलतः परिवर्तन संभव नहीं होता है। इसलिए आवश्यक है कि ग्रासरूट पर परिवर्तन करते हुए हमें आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ही सब कर लेगी, इस सोच से हमें बाहर आना है। समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। जिन-जिन ब्लॉक्स या जिलों में समाज को जोड़ने की ताकत है, मेरा अनुभव है, वहां परिणाम जल्दी मिलते हैं। यही कारण है कि आज स्वच्छता के अभियान ने अपनी जगह बना ली है और एक वातावरण बन गया है कि गंदगी नहीं करनी है।

### सात जनवरी, 2023 को पीएम मोदी ने लॉन्च किया था

राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम सात जनवरी, 2023 को पीएम मोदी ने लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशासन में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लागू करने तथा एक प्रभावी ब्लॉक विकास रणनीति तैयार करने के लिए देश भर में गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए गए। 'संकल्प सप्ताह' इन्हीं चिंतन शिविरों का परिणाम है। उद्घाटन कार्यक्रम में भारत मंडपम में देश भर से लगभग 3,000 पंचायत और ब्लॉक स्तर के जन और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा ब्लॉक और पंचायत स्तर के पदाधिकारियों, किसानों और अन्य क्षेत्रों के व्यक्तियों सहित लगभग दो लाख लोग कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे।

### हर दिन अलग थीम

तीन अक्तूबर से नौ अक्तूबर, 2023 तक मनाए जाने वाले 'संकल्प सप्ताह' में प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विकास थीम को समर्पित है, जिस पर सभी आकांक्षी ब्लॉक काम करेंगे। पहले छह दिनों की थीम में 'संपूर्ण स्वास्थ्य सुपोषित परिवार स्वच्छता', 'कृषि', 'शिक्षा' और समृद्धि दिवस' शामिल हैं। अंतिम दिन यानी नौ अक्तूबर, 2023 को पूरे सप्ताह के दौरान किए गए कार्यों का 'संकल्प सप्ताह-समावेश समारोह' उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बरेली की टीचर रंजना अग्रवाल से की बात, बच्चों को पढ़ाने के तरीके को सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बरेली की शिक्षक रंजना अग्रवाल के कार्य को सराहा है। रंजना अग्रवाल बहेड़ी के प्राथमिक स्कूल शाहपुर में कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को वर्चुअल तरीके से उनसे संवाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संकल्प सप्ताह की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने वर्चुअल माध्यम से शिक्षकों से संवाद किया। स्मार्ट क्लास और पठन-पाठन व्यवस्था को लेकर प्रधानमंत्री से संवाद के लिए बरेली जिले की शिक्षक रंजना अग्रवाल का चयन किया गया। प्रधानमंत्री ने उनसे वर्चुअल माध्यम से संवाद किया।प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षक रंजना अग्रवाल के कार्य को सराहा है। संवाद के दौरान रंजना ने अपने पढ़ाने के तरीके के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़े, इसलिए उन्होंने गणित, हिंदी, अंग्रेजी विषयों के प्ले कार्ड बनवाए। स्कूल के बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई करते हैं। बहेड़ी के प्राथमिक स्कूल शाहपुर की शिक्षक रंजना अग्रवाल ने बताया कि उनके स्कूल में औसतन 95 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके प्रयासों की तारीफ की। बता दें कि राजकीय इंटर कॉलेज बरेली स्थित स्मार्ट ऑडिटोरियम में संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें 211 शिक्षकों और निपुण बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने ढेर किए दो आतंकवादी



कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुपवाड़ा के मच्छल सेक्टर में दो आतंकवादी मारे गए हैं। आतंकी गुलाम जम्मू-कश्मीर से भारत में घुसने का प्रयास कर रहे थे। जवानों ने उन्हें आत्मसमर्पण के लिए कहा था पर वो नहीं माने और भारत में दाखिल होने की कोशिश की। जवानों ने जवाबी फायरिंग करते हुए आतंकियों को ढेर कर दिया। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्होंने उत्तरी कश्मीर के मच्छल (कुपवाड़ा) सेक्टर में घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया है। दहशतगर्दों के नापक मंसूबों को विफल करते हुए सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। वहीं, उसके अन्य साथियों की धरपकड़ के लिए सैन्य अभियान जारी है।

### भारतीय सीमा में दाखिल हो रहे थे आतंकी

जानकारी के मुताबिक, कुपवाड़ा में मारे गए घुसपैठियों के पास से दो एसाल्ट राइफल, चार मैगजीन, 90 कारतूस, एक पिस्टल और पाकिस्तान मुद्रा में 2100 रुपए मिले हैं।यहां मिली जानकारी अनुसार, जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत मच्छल सेक्टर में एलओसी के साथ सटे कुमकारी हयहामा इलाके में गश्त रहे जवानों ने आज तड़के गुलाम जम्मू कश्मीर की तरफ से घुसपैठियों के एक दल को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा।जवानों और आतंकियों में हुई मुठभेड़- जवानों ने उसी समय आस पास की चौकियों व नाका पार्टियों को सचेत करते हुए अपनी पोजीश ली। स्वचालित हथियारों से लैस घुसपैठिए आगे आए। जवानों ने उन्हें ललकारते हुए आत्मसमर्पण के लिए कहा। जवानों की ललकार सुनते ही घुसपैठियों ने फायरिंग शुरू कर दी और वापस गुलाम जम्मू कश्मीर की तरफ भागने लगे। जवानों ने भी जवाबी फायर किया। इसके साथ ही वहां मुठभेड़ शुरू हो गई।

### मुठभेड़स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद

संबधित सूत्रों ने बताया कि दो घुसपैठिए मारे गए हैं। मुठभेड़स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद व अन्य साजो सामान जब्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि मच्छल में आतंकरोधी अभियान जारी है। दो आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। अभियान के समाप्त होने के बाद ही मारे गए आतंकियों की सही संख्या और उनकी पहचान का पता चल सकेगा।

### त्राल में दो आतंकी ठिकाने नष्ट

सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के त्राल में दो आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया।पुलिस और सेना की 42 आरआर के एक संयुक्त कार्यदल ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में दो आतंकी ठिकानों को नष्ट करने का दावा किया है। संबधित अधिकारियों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने त्राल के ऊपरी हिस्से में गुलशपोना के साथ सटे नागबल जंगल में थे।जंगल में

### जमीन खोदकर आतंकियों ने तैयार किया ठिकाना

यह दोनों ठिकाने जंगल में जमीन खोदकर तैयार किए गए थे और इनके ऊपर लकड़ियां व घासफूस बिछाई गई थी, ताकि किसी को इनके बारे में पता न चले। इन ठिकानों से कंबल, कुछ खाने पाने का सामान मिला है। सूत्रों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने काफी पुराने हैं और इन्हें कथित तौर पर हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों ने तैयार किया था।

# ओबीसी आरक्षण, जाति जनगणना से लेकर भ्रष्टाचार तक, शाजापुर रैली में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर रहे। यहां राहुल ने शाजापुर जिले के कालापीपल विधानसभा क्षेत्र में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पोलायकला में प्रदेश की भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा। इसके साथ ही उन्होंने ओबीसी आरक्षण, जातिगत जनगणना, पेपर लीक और किसानों की आत्महत्या जैसे मुद्दों को भी उठाया। शनिवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर आए राहुल गांधी ने शाजापुर में सभा की। इस दौरान उन्होंने ओबीसी आरक्षण, जातिगत जनगणना, भ्रष्टाचार और



किसानों की आत्महत्या जैसे मुद्दों को उठाया। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के सामने सिर्फ एक मुद्दा है- जातिगत जनगणना। अदाणी मुद्दे को अपनी सांसदी जाने से जोड़ा - अपने संबोधन के शुरुआत में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मैंने संसद में जैसे ही अदाणी जी की बात शुरू की। वैसे ही मेरी लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी। आप सोचिए, अदाणी की रक्षा करने के लिए एकदम मेरी लोकसभा की सदस्यता को रद्द कर दिया। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सच्च बोलता हूं। सरकार का रिमोट कंट्रोल अदाणी जी के हाथ में है। सच्चाई अदाणी जी से बड़ी है। मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है राहुल ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य की शिवराज सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है जितना भ्रष्टाचार बीजेपी के लोगों ने मध्यप्रदेश में किया है, पूरे देश में नहीं किया है। बच्चों के फंड्स, मिड-डे मील के फंड्स, स्कूल यूनीफॉर्म के फंड्स चोरी किए। महाकाल कॉरिडोर में भाजपा ने पैसा चोरी किया। व्यापमं स्कैम को आप सब जानते हैं। एक करोड़ युवाओं को नुकसान पहुंचाया। सीट्स बेची जाती है। पेपर लीक किए जाते हैं।महिला आरक्षण की शर्तों का मुद्दा उठाया- पिछले दिनों संसद से पारित होने के बाद शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन कानून लागू हो गया। हालांकि, इसके प्रभावी होने से पहले जनगणना और परिसीमन की शर्तों को पूरा करना होगा। राहुल ने सभा में महिला आरक्षण से जुडी इन्हीं शर्तों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा ने महिला आरक्षण की बात की। हमने एक सवाल उठाया। भाजपा ने कोई जवाब नहीं दिया। हमने पहले कहा कि महिला आरक्षण अच्छा है लेकिन इसमें आपने दो छोटी लाइनें लिख रखी है। इन्हें मिटाइए। एक लाइन थी- महिला आरक्षण से पहले सर्वे करने की जरूरत है। दूसरी लाइन थी- महिला आरक्षण करने से पहले हमें परिसीमन करना है। इससे महिला आरक्षण दस साल बाद होगा। आज नहीं होगा। हमने कहा कि यह दो लाइन बदलिए। महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं है? ए ओबीसी के मुद्दे पर भी मोदी सरकार को घेरा। राहुल ने कहा कि हमने सवाल पूछा कि महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं है? नरेंद्र मोदी जी आप कहते हैं कि आप ओबीसी नेता हैं।

## संपादकीय Editorial

### If we don't join, how will we win?

'Judega Bharat, Jeetega India'... This slogan should define the mutual relations and strong alliance of the opposition alliance, but it does not fit accurately. This seems to be just a mere statement, as there are serious contradictions in the reality of the alliance's constituents. The latest development is from Punjab. Congress leader Pratap Singh Bajwa claimed that 32 MLAs of the ruling Aam Aadmi Party (AAP) are in touch with him. Congress will contest all 13 Lok Sabha seats. If our government is formed, AAP's government will fall within 2 months. This may be a political statement, but there is not even an inkling of an alliance. This language belongs to the ultimate enemy political party. The uproar became serious when Punjab Congress MLA Sukhpal Khaira was arrested in an old case of drug and arms smuggling. This is a 2015 case. As soon as he was arrested, Congress started tearing his clothes and met the Governor and pleaded for justice. In Delhi, Congress leader Udit Raj even gave a statement that since Congress workers are being harassed, Congress will not form an alliance with AAP. The top level did not even refute this statement. Then how is this alliance? Such political disputes are continuing in every state, hence the unity and mobilization of the 'India' alliance has been continuously questionable. The arguments of 'Rajdharma' and 'Political Dharma' are given that the roles of the party and the government are different, but these are not political arguments, they are mere statements. AAP convenor Kejriwal has made it clear that AAP is fully committed to the opposition alliance.

We will follow the coalition dharma, but we are also committed to eliminating drug addiction in Punjab. No person will be left out in this context. Kejriwal is talking equivocally about the alliance. Apart from Punjab, AAP's national convenor Arvind Kejriwal has praised Congress in Rajasthan and Chhattisgarh. AAP is also in the mood to contest assembly elections in those states. In West Bengal, Congress has left its Lok Sabha leader Adhir Ranjan Choudhary free. He is giving the statement that now even God cannot save Mamata Banerjee's government. There is also tension between Trinamool Congress and Left Front in Bengal. In Madhya Pradesh, Congress and SP have opened fronts of mutual opposition. SP will also contest the assembly elections there. Since some voter segments are shared, Congress may suffer electoral loss. In Kerala, the politics of confrontation between the Left Front and the Congress Front is 'Sanatan'. The question is whether the destiny of the 'India' alliance seems to be the same as that of all the alliances till now? The opposition alliance faces a Himalaya-like challenge to defeat Prime Minister Modi and the most organized party, BJP. There are its own challenges within 'India', because mutual consensus among the opposition parties has not yet been reached. Some other parties wanted to join 'India', but now their sentiments are changing. BSP, YSR Congress, BJD etc. are some of the parties which can strengthen the opposition alliance, but there is still indecision regarding them. The constituent parties of 'India' repeatedly cry for unity, but their internal contradictions keep coming to the surface. Then how will the grand alliance of the opposition take shape and how will it win the very difficult elections of 2024? Caste census and Sanatan Dharma are such issues on which ideological consensus has not been reached yet. In fact, it has not even been decided yet who will lead 'India'? Are there election issues? When will the seats be distributed? In 2019, Congress had contested the elections separately. Now what will be the formula of seats? And when will it be decided? The purpose of holding informal meetings of the opposition alliance is not sufficient.

# Every visitor, not a tourist

The tourism sector in Himachal has been viewed as a matter of political manipulation and this has also led to misuse of public resources. There is no doubt that the role of hotel units built through HPTDC in the initial phase proved to be effective, but gradually the money received under this head started getting wasted. Even today, some units of the Tourism Corporation are unprofitable and the tourism information centers are locked. Most of the cafeterias were closed or sold by the governments, yet Himachal did not achieve efficiency and uniqueness in the concept of tourism. Two crore tourists are coming not because Himachal has expanded the entertainment infrastructure, event planning and reasons for coming, but because of the state's climate, adventurous and youthful enthusiasm and religious activities. Certainly, such infrastructure has expanded in the private sector, which is promoting tourist experience and comfort. In fact, the tourism plans of Himachal neither saw the state in its entirety nor understood the possibilities of making it a tourism state. It is noteworthy that the Sukhu government, taking a pledge to give Kangra the title of capital in terms of tourism, has started serious efforts on some projects. To take the importance of tourism from the ground level, the proposed expansion of Gaggal Airport can prove to be the biggest gift for the state. Along with this, the intention of setting up a heliport can take real shape, which can enrich the tourism map tomorrow. It is also necessary that all the departments of Himachal strengthen their plans and projects from the tourism point of view. From this point of view, Forest, Sports, PWD, Energy, Art-Culture, Rural and Urban Development, Water Power and Science and Technology departments can also increase tourism attraction. If efforts are made to establish one tourism village in each of the 68 assembly constituencies of the state, then from the budget of these departments, highway tourism, haat market, lake, ghat, adventure sports, cultural center, gift etc. Centers, food courts at some places and facilities for eco-tourism or religious tourism can be created at some places. Along with this, many annual packages of tourism focusing on Education Hub, Science City, Tea City, Apple State, Sports City and natural and big dams will make it evergreen. To decorate the tourism season in the format of annual calendar, Khajjiar, Chamba and Sujanpur. K Chaugan, natural beauty of Janjehli, heritage tourism, fishing, word watching, golf tourism, Ghrit Mandal tourism, Lohri and tribal festival as well as a series of cultural festivals are being organized in a systematic manner and are being operated by a fair authority. Will have to be done under. Cine tourism has its own importance in Himachal Pradesh and if work is done under a comprehensive plan and film and TV policy, then the first film city can be built in the center of Garli-Paragpur. Himachal has added self-employment through e-taxi and this step can be convenient for tourism and tourists. Himachal can create a stir at the national and international level by declaring bus depots of major tourist places as fully electric and taxis under self-employment as fully electric. Along with this, if a comprehensive tourism self-employment policy is made, then thousands of unemployed people of the state will get a strong path to the future. If the unlimited possibility of employment and self-employment in the field of tourism is accepted, then the employee politics of the state will change and every student 's perspective also. There is a need for a comprehensive change in the education of the state and this will be fulfilled only when the political platform becomes a reason for promoting self-employment instead of promoting government jobs. If the state government achieves the target of arrival of five crore tourists, then employment and self-employment will also have to be considered in the same proportion. If on an average one person gets employment for every ten tourists, then there will be opportunities for fifty lakh people in Himachal. The people of the state will be able to get all this employment only if the education, training and upbringing of the young generation is like this kind of employment. At present, most of the employment available in Himachal is being exported or rather, people from outside states are enriching themselves with the employment generated in sectors like industry, tourism, agriculture, horticulture and transportation etc. From now on, there is a need to make simple and efficient policies for maximum expansion of tourism employment. Under the e-taxi scheme, the government is giving purchase subsidy up to fifty percent. If this ambitious plan is linked to major cities and tourist-religious places as a model, then revolutionary change will come. If educated youth are made brand ambassadors of electric vehicles of any automobile company, then the same type of taxi service will be available in the entire state. This will reduce the current taxi rates and such vehicle services will attract tourists. Yuva e-taxi service should also be authorized from airports and railway stations of the state. In fact, if the government follows a liberal policy in the tourism transport sector in Himachal, then cheap taxi services will also boost the economy. Apart from this, under the policy of tourism investment, business and self-employment will be promoted within the scope of tourist facility centers at a distance of every twenty kilometers along important roads in the entire state. Educated youth should also get a chance to move ahead by investing by building bus stops and business complexes in every small and big town of the state. Under the scheme of small and medium investment in the tourism sector, the state provides loans to unemployed youth at affordable rates. An easy system of affordable loan facility will have to be created under the employment guarantee. To connect every activity of tourism with the well-being of tourists, employment traditions will have to be changed, while there will also be a need to encourage maximum efforts for innovation. There will be emphasis on subjects like entrepreneurship in the curriculum of the state from schools, colleges to business schools. At present, Himachal was accepting any kind of employment in the form of tourism, whereas now tourism infrastructure should be expanded in terms of employment potential. This cannot be one-sided. If we organize the entire tourism sector, then employment and self-employment will become its drivers. Studying the employment and self-employment models of the world, if the infrastructure starts with government intervention, the private sector will come forward and link tourism with economy and employment. Along with this, if the people who are going to be displaced due to various projects of the state and road and airport expansion are rehabilitated through tourism projects, then the cure for every pain can be found in this area.

# Champion Daughters of India

Sift Kaur Samra has become the new Asian champion in 50m rifle shooting, but she is also a world champion as she won the gold medal by setting a world record and an Asian record simultaneously. He has created a world record by scoring 469.6 marks. In 1986, Soma Dutta had won a silver medal in the same 3 positions in the Seoul Asian Games, hence, she is the first shooter from India to achieve such success in all categories. SIFT has also won a silver medal in the team event. The fourth day of the Hangzhou Asian Games was a very pleasant one for India. There was a huge shower of medals. Apart from Sift, the trio of Isha Singh, Manu Bhakar and Rhythm Sangwan also won the gold medal in the 25 meter pistol team event. Names of medal winning daughters like Aashi Singh, Manini will also be kept in the category of winners. These ordinary daughters of India have honored 'Maa Bharati' by touching the sky and have proved themselves to be 'extraordinary'. Be it the Asian Games or Commonwealth Games or the World Championships or the Olympic grounds, the rivalry in sports is cut-throat. There is a struggle for every single point. India's daughter Sift has created a world record by defeating the Chinese player by a margin of 7.3 points. Britain's old record has been wiped out. Surely this is a sky-scraping success and achievement. It is noteworthy that shooting was not the priority of Sift, daughter of a farmer family and a rice trading family in Faridkot (Punjab). She is a MBBS student. Obviously, she is on her way to becoming a 'Doctor Sahiba', hence Sift considers herself a 'casual shooter'. The journey from medical to medal must have been full of confusion for the 22-year-old daughter, but Sift decided to become a 'shooter' on the advice of her parents. At the position she is at today, she herself is writing history. 25 meter pistol silver medalist Isha Singh finds the sound of every bullet a 'musical note'. Manu Bhaker is a famous name, but she had failed in some competitions including Tokyo Olympics, but this time she will be happy wearing the 'yellow medal' around her neck, seeing the 'tricolour' rising above, listening to the national anthem. In fact, in the world of sports, such daughters should also be mentioned publicly, they should be featured in the headlines, they should not be marginalized faces, because as players, they also become 'champions'. Today the situation in Manipur is in front of the entire country. Roshibina must have had countless images of violence and unrest imprinted in her mind and psyche, but she reached the finals of the Wushu game. By the time you are reading this article, another daughter will have more or less won a silver medal for India! Roshibina is the second female Indian player to achieve such success after Sandhyarani Devi in 2010. World champion boxer Nikhat • Tareen has also reached the quarter-finals in her weight category with powerful punches. She is also a strong hope for a medal. The way girls' hockey has played and they have crushed the Singapore team 13-0, they are also strong medal hopes. Sift's dedication towards shooting can be seen in the fact that he has left his medical studies to devote full time to shooting. Now she is studying 'Bachelor of Physical Education and Sports' from Guru Nanak Dev University, Amritsar. This decision is a joint decision between him and his parents. Later, Sift wants to become an IAS, but for now she is dedicated to shooting and wants to achieve some world class victories. However, India has a wealth of talent, but the government should provide adequate help to everyone and play a role in taking them to the medal platform. Well done daughters! Hail! India needs to strengthen its sports infrastructure. In comparison to developed countries, players in India do not get better facilities. Often, due to lack of training, Indian players lag behind in the tough competition at the world level. If Indian players get global level facilities then they can present a tough challenge and India's sports performance will also improve. The present central government needs to pay attention to this issue.25 meter pistol silver medalist Isha Singh finds the sound of every bullet a 'musical note'. Manu Bhaker is a famous name, but she had failed in some competitions including Tokyo Olympics, but this time she will be happy wearing the 'yellow medal' around her neck, seeing the 'tricolour' rising above, listening to the national anthem. In fact, in the world of sports, such daughters should also be mentioned publicly, they should be featured in the headlines, they should not be marginalized faces, because as players, they also become 'champions'. Today the situation in Manipur is in front of the entire country. Roshibina must have had countless images of violence and unrest imprinted in her mind and psyche, but she reached the finals of the Wushu game.

# व्यवस्था को चुनौती, ठगों के निशाने पर लोग...पुलिस बनी तमाशबीन

मुरादाबाद- महानगर में ठगों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन ठग नागरिकों को अपना शिकार बना रहे हैं और पुलिस सिर्फ तमाशबीन बनी हुई है। ठगों ने ट्रेनी डीएसपी को भी शिकार बना लिया। जमीन की खरीद और बिक्री के नाम पर ठगी के अलावा साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसने से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोग अपने करीबियों पर भी अविश्वास कर रहे हैं। अनजान नंबर से कॉल आने पर लोग उसे रिसीव करने से बच रहे हैं। लेकिन, पुलिस साइबर ठगों व अन्य ठगों पर शिकंजा कसने में सक्रिय नहीं हो रही है। हाल ही के दो मामलों में भी ठगों ने अपना शिकार बनाकर पीड़ितों से मोटी रकम ऐंठ ली।




### प्रकरण -1 - भूखंड बेचने के नाम पर पिता-पुत्र ने ठगे 8 लाख

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुराना आरटीओ मुकर्बपुर निवासी मुस्लिम ने सिविल लाइंस थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने महानगर निवासी शमशाद हुसैन से 77.15 वर्ग मीटर के एक भूखंड का सौदा 23 जुलाई 2018 को किया था। जिसमें उसने शमशाद हुसैन को बैनामा के तौर पर एक बार एक लाख और दूसरी बार दो लाख रुपये दे दिए। इसके बाद शमशाद के पुत्र शाहनबाज ने अपना फोटो हस्ताक्षर करके इकरार नामा कर दिया। जिसके बाद पीड़ित को पता चला कि यह संपत्ति विवादित है। उसके बाद जब उसने शमशाद हुसैन से बैनामा कराने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित से पूरे आठ लाख रुपये ले लिए। लेकिन, जब बैनामा कराने को कहा तो पिता-पुत्र ने जान से मारने की धमकी दी।

### प्रकरण -2 - साइबर ठगों ने डरा-धमकाकर हड़पी रकम

मझोला थाना क्षेत्र में भोला सिंह की मिलक निवासी पीड़ित ने तहरीर में बताया कि 2 सितंबर 2022 को उसके फोन पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया और बताया कि उसने पीड़ित के खाते में 7,000 रुपये जमा कर दिए हैं। अब तुम्हें हमारे बैंक खाते में सात दिन के अंदर 12,812 रुपये जमा करने हैं। पैसे जमा न करने पर पीड़ित को उसके अश्लील फोटो रिश्तेदारों को भेज देने की धमकी दी। जिसमें पीड़ित ने 9 सितंबर को पैसे आरोपी के खाते में जमा कर दिए। इसके बाद 9 सितंबर को आरोपी ने उसके खाते में फिर 14,000 रुपये डाल दिए और फोन करके दिन में 11 बजे तक 25,623 रुपये जमा करने को कहा और धमकाया। पीड़ित ने फिर उसके खाते में रकम डाल दी। आरोप है कि आरोपी ने फिर 16 सितंबर को पीड़ित के खाते में 14,000 रुपये और डाल दिए। इस तरह से ठगों ने पीड़ित से 73,235 रुपये ठग लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रकरण -3 - ट्रेनी डीएसपी से भी ऐंठे दो लाख

ट्रेनी डीएसपी ऐश्वर्या उपाध्याय डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 सितंबर को उनका एक कोरियर प्रोफेशनल कोरियर सर्विस से आना था लेकिन, समय पर कोरियर नहीं पहुंचा। इसके बाद उन्होंने गूगल से कोरियर कंपनी का नंबर सर्च किया। तब कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने ऐश्वर्या उपाध्याय को बताया कि पूरा पता नहीं होने के कारण कोरियर डिलीवरी होल्ड कर दी गई है। इसके बाद ट्रेनी डीएसपी को लिंक भेजकर लिंक के माध्यम से 2 रुपये को यूपीआई के जरिए ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद उनके खाते से दो बार में 96,355 रुपये और एक बार में 3500 रुपये के अलावा दूसरे बैंक खाते से 95,328 रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए।

# 1 अक्टूबर से बैंकों और वित्तीय लेनदेन के नियमों में होगा बड़ा बदलाव

मुरादाबाद- 1 अक्टूबर से बैंकों और वित्तीय लेनदेन के नियमों में बड़ा बदलाव होगा। यदि कोई व्यक्ति एक वित्तीय वर्ष के अंदर विदेश में बड़ी रकम खर्च करता है तो उस पर टीसीएस ( टैक्स कलेक्शन एट सोर्स ) के नये नियम लागू होंगे। लेकिन इंटरनेशनल क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने पर टीसीएस नहीं लगेगा। जीएसटी एंड इनकम टैक्स मामलों के अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने बताया कि नए नियम के अनुसार 1 अक्टूबर से चिकित्सा और एजुकेशन के अलावा किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए 7 लाख रुपये से ज्यादा की राशि भेजने पर 20 फीसदी टीसीएस ( टैक्स कलेक्शन एट सोर्स ) लगेगा। यदि कोई व्यक्ति शिक्षा के लिए विदेश पैसे भेजता है, तो 7 लाख रुपये से कम पर कोई टीसीएस नहीं लगेगा। लेकिन 7 लाख रुपये से अधिक होने पर 5 फीसदी टीसीएस लगेगा। किसी अप्रूव्ड



फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से लोन लेने पर केवल 0.5 फीसदी टीसीएस लागू होगा। इसी तरह चिकित्सीय खर्च पर भी 7 लाख रुपये से अधिक पर ही 5 फीसदी टीसीएस लागू होगा। 7 लाख रुपये से ज्यादा का विदेश यात्रा का पैकेज लेने पर 20 फीसदी टीसीएस लगेगा। एक वित्तीय वर्ष में विदेशी स्टॉक, म्यूचुअल फंड, क्रिप्टो करेंसी या प्रॉपर्टी में 7 लाख रुपये से ज्यादा का निवेश करने पर 20 फीसदी टीसीएस लागू होगा। गौरव गुप्ता ने बताया कि टैक्स कलेक्शन एट सोर्स ( टीसीएस ) का भुगतान करने वाले व्यक्ति के लिए यह जानना जरूरी है कि यह कोई अलग टैक्स नहीं है। बल्कि एक टैक्स क्रेडिट है। जिसे इनकम टैक्स दाखिल करने या एडवांस टैक्स पेमेंट के दौरान देय करों के विरुद्ध समायोजित किया जा सकता है। अगर इसे देय कर के विरुद्ध समायोजित नहीं किया गया है, तो आयकर रिटर्न दाखिल करते समय इसे रिफंड के रूप में क्लेम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति डेबिट कार्ड और फॉरेक्स कार्ड से 7 लाख रुपये से ज्यादा का लेनदेन करता है, तो 1 अक्टूबर से उसपर 20 फीसदी टीसीएस लागू होगा। विदेश में खर्च के लिए 7 लाख रुपये की लिमिट पूरे साल के लिए है। यदि कोई व्यक्ति एक वित्तीय वर्ष में विदेश में किसी भी तरह का खर्च करने के लिए अलग-अलग बैंकों का उपयोग करता है, तो सभी सोर्स पर लिमिट केवल 7 लाख रुपये ही होगी।

# दिन और रात के तापमान में 11 डिग्री का अंतर, आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना

मुरादाबाद - मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के लगातार बदलाव नजर आ रहा है। अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री अधिक दर्ज किया गया।सितंबर माह के अंतिम दिनों में तापमान में भी बदलाव आ रहा है। दिन में तेज धूप होने के साथ रात को गुनगुनी ठंड होने लगी है। इसकी वजह से दिन और रात के तापमान में 11 डिग्री सेल्सियस का अंतर आ गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी दिनों में भी मौसम साफ रहने का अनुमान व्यक्त किया है। शनिवार सुबह से ही चटख धूप खिली थी। समय के साथ धूप की तपिश बढ़ती गई। शाम तक ऐसी ही स्थिति रही। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। वातावरण में सुबह नमी 80 फीसदी थी, जो शाम को घटकर 70 फीसदी रह गई। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि रविवार तक मौसम साफ होने के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

# बदमाशों ने चलती स्कूटी को मारी लात, वाहन गिरा तो ठेकेदार की गले से चेन लूटी, धमकी देकर हुए फरार

मुरादाबाद - मझोला के लाकड़ी फाजलपुर निवासी शिवम भटनागर गांगन तिराहे पर बाजार की ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने बताया बदमाशों ने उनकी चलती स्कूटी को लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद वह गले में पहनी चेन लूटकर ले गए। मझोला थाना क्षेत्र में दिल्ली रोड पर शुक्रवार रात करीब दस बजे बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार ठेकेदार से सोने की चेन लूट ली। बदमाशों ने लात मारकर उनकी स्कूटी गिरा दी। सड़क पर गिरकर ठेकेदार घायल हो गए। इसी बीच बदमाश बाइक दौड़ाकर तेजी से भाग गए। पुलिस





सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की तलाश में जुटी है। मझोला के लाकड़ी फाजलपुर निवासी शिवम भटनागर गांगन तिराहे पर बाजार की ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात वह किसी काम से बुध बाजार गए थे। रात करीब दस बजे वह स्कूटी से घर लौट रहे थे।इनकी स्कूटी साईं अस्पताल और मानसरोवर कॉलोनी गेट के पास पहुंची। इसी दौरान पीछे से एक बाइक तेजी से आई। जिस पर दो बदमाश सवार थे। शिवम ने बताया कि वह कुछ समझ पाते, इससे पहले ही बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली। इसी दौरान बदमाश ने लात मारकर उनकी स्कूटी गिरा दी जिसमें वह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने घायल को उठाया और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। कुछ लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में जुट गई। दिल्ली रोड पर लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ओडगी बिहारपुर मुख्य मार्ग के मोहरसोप में बाइक एक्सीडेंट होने से बाइक चालक का हुआ मौत



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर मोहरसोप के सुरेस कुमार साहु का एक्सीडेंट हुआ वहीं बिहारपुर ओडगी मुख मार्ग पर स्थित मोहरसोप के पास आज सुबह बाइक एक्सीडेंट होने से बाइक चालक का मौत हो गया है ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक तेज रफ्तार था जहां अनंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में बाइक से अनंत्रित होकर गिर गए और घटनास्थल पर ही मौत हो गया है पुलिस से शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहरपुर आज दीनांक 30/09/2023 को मोहरसोप के सुरेस कुमार साहु जी का एक्सीडेंट हुआ ओर जगह पर मौत हो गया

# पुलिस ने सट्टा लिखते आरोपी को पकड़ा आरोपी से 13,100 रुपये जप्त किये



क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर

राणापुर । पुलिस अधीक्षक अगम जैन के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधीयो ( जुआ, सट्टा , एनडीपीएस. ) में लिप्त अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु सख्त कार्यवाही करने के लिये लगातार निर्देश दिये जा रहे उक्त निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे, एवं एसडीओपी झाबुआ रुपरेखा यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राणापुर निरी. शंकरसिंह रघुवंशी की टीम लगातार अवैध गतिविधीयो में लिप्त अपराधियो की धरपकड कार्यवाही करने हेतु लगी हुई थी। थाना राणापुर की पुलिस टीम गणेश विसर्जन एवं ईद-मिला-उद-नबी की महत्वपुर्ण ड्युटी के दौरान अपने विश्वसनीय मुखबीर द्वारा सूचना मिली की कालका माता मंदिर के पास राणापुर पर एक व्यक्ति सट्टा अंक लिखकर हार-जीत का दावं लगाकर सट्टा खेलते दिखा तो हमराही पंचानो एवं हमराह फोर्स की मदद से आरोपी वेस्ता पिता धन्ना सिंगार निवासी बाल्दीमाल को धरदबोचा एवं उनकी तलाशी ली तो उनके पास सट्टा अंक लिखी डायरीया , पर्चीया एवं कुल 13100 रुपये नगदी जप्त किये । बाद आरोपी के विरुध्द अप.क्रं. 677/2023 धारा 4 क पब्लिक गैंबलिंग एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । उक्त सराहनीय कार्यः- थाना राणापुर प्रभारी निरीक्षक शंकरसिंह रघुवंशी, उप निरीक्षक के.सी. सिर्वी , प्रधान आरक्षक 383 विजय, , आरक्षक 196 अजमेर का महत्वपुर्ण योगदान रहा ।

# ग्राम पिथनपुर में वाहक रोग मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुन्या इत्यादि के नियंत्रण हेतू फॉगिंग की गई

क्यूँ न लिखूँ सच
शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ- पीथनपुर। वर्षा ऋतु पश्चात वाहक रोग मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुन्या इत्यादि के संभावित प्रसार को देखते हुए एवं इनके बचाव तथा नियंत्रण हेतु ग्रामों में फोगिंग करवाई जा रही हैं। विकासखंड रामा के ग्राम पिथनपुर के माल फलिया में डेंगू रोगियों के घर एवं आसपास के घरों में सघन लार्वा एवं फीवर सर्वे तथा फोगिंग कार्य कर ग्रामीणों को वाहक रोग से संरक्षित किया गया। रोग प्रतिबंधात्मक कार्यवाही प्रभारी मलेरिया निरीक्षक सेवला बामनिया के निर्देशन में सर्वलेंस वर्कर राजेन्द्र हुरमाले, एएनएम सुनीता मीणा, आशा कार्यकर्ता आरती डामोर एवं फील्ड वर्कर नारायण





वसुनिया द्वारा घर-घर जाकर लार्वा सर्वे, फीवर सर्व, फॉगिंग एवं वर्षा उपरांत बने मच्छर प्रजनन स्थलों को समाप्त किया गया। घरों में एक सप्ताह से अधिक जमा पानी से भरे कन्टेनर, पानी की टंकी, घरों में रखे पानी के बर्तनों, कूलर, सीमेंट की हौदी, घर की छतों पर जमा बेकार टायर, फूलदान, सीमेट टंकी तथा अन्य पानी के कन्टेनर को खाली करवाया गया। लार्वा पाये जाने पर तत्काल कन्टेनरों में लार्वानाशक बीटीआई का छिड़काव किया गया। सर्वे में पाया गया कि ग्रामवासी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग नही कर रहे हैं, उन्हे समझाईश दी कि सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करे। ग्राम में रहवासियों के द्वारा पशुओं के पीने के लिये रखी गई बाहर रखी गई सीमेंट/प्लास्टिक के कंटेनरों में पानी भरा रहता हैं। ग्रामवासियों द्वारा पानी से भरे कंटेनरों को न तो नियमित खाली किया जा रहा है ना ही कंटेनरों की साफ-सफाई की जा रही हैं। जिसके कारण इन कंटेनरों में मच्छरों की पैदावार हो रही है, जो कि बीमारियों का फैलाव करने में सहायक हैं। इस हेतु ग्रामवासियों को समझाईश दी है कि कंटेनरों की नियमित साफ-सफाई करें ताकि रोगों के प्रसार को रोका जा सके।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# भाजपा नेता के ऊपर लगाए करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार का आरोप



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा- सेमरिया विधायक के. पी. त्रिपाठी जी के द्वारा पंचायत निधि से ग्रेवल सड़क में शाशन द्वारा रोक के बावजूद ग्रेवल सड़क के नाम पर 4 करोड़ 67 लाख 45 हजार 5 सौ 19 रूपए का भ्रष्टाचार पंचायतो में राशि प्रदत्त कर, उन्ही पंचायतो में मनीष शुक्ला ( उर्फ सिद्धू ) पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं उनकी माँ के नाम पर बनी वेंदाती कंस्ट्रक्शन को बतौर वेंडर दिखा कर 3 कड़ोर 34 लाख 811 रूपए एवं कुछ अन्य चिन्हित वेंडर के नाम से राशि निकाल लिए जाने के सम्बन्ध में, मौके पर जाँच कराये जाए

आज दिनांक 30/09/23 को आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा जी के द्वारा प्रेस वार्ता की गई इंडियन कॉफी हाउस रीवा मध्य प्रदेश में भाजपा नेता पर लगाया गया आरोप? शर्मा जी ने कहाआर. टी. आई. से प्राप्त जानकारी अनुसार सेमरिया क्षेत्र से विधायक श्री के. पी. त्रिपाठी जी द्वारा अपनी विधायक निधि से पंचायतो को दिया गए निधि में ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य हेतु दी गई निधि में व्यापाक भ्रष्टाचार किया गया है, जबकि ग्रेवल सड़क के निर्माण कार्य पे शाशन द्वारा रोक लगी हुई है। उसके बाद भी विधायक जी द्वारा अपने मित्रो एवं सहियोगियो को पंचायत में दबाव बना कर वेंडर बनाया गया और अनुमानित राशि 4,67.45,519/- रु से अधिक की राशि उन्ही वेंडरो के खाते में भुगतान करवा कर बन्दर बाट कर लिया गया। जिसका मैंने मौके पे पहुँच कर भौतिक सत्यापन किया, ऐसा कोई काम मौके पे नहीं पाया गया न ही गाँव वालो को ऐसे कोई काम की जानकारी है। क्षेत्र की जनता को मूल भुत सुविधाओ से वंचित रखा गया, उपयुक्त ग्राम पंचायतो की सूचि निम्नानुसार है विधायक जी के निजी सलाहकार मनीष चन्द्र शुक्ला ( सिद्धू ) जो बन्कुइय मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष ( एवं C.E.O मारपिट कांड के मुख्य आरोपी ), जो कई पंचायतो में खुद के नाम मनीष चन्द्र शुक्ला एवं वेदांती कंस्ट्रक्शन के नाम से वेंडर है। इन्ही वेंडरो के खातो में ग्रेवल सड़क व अन्य निर्माण कार्य के नाम से साँव में रु 2,37,06,536/- करोड़, बहुरीबांध में रु 32,46,825/-, पूर्वा में रु 33,86,450/-, लपटा समूह में राशि डालकर स्वयं अहिरित कर लेते हैं

# समस्या का समाधान न होने पर मांगी गई इच्छा मृत्यु की अनुमति



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

मध्य प्रदेश के स्वच्छता ग्राही संघ के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह जी मृगेंद्र, बृजेश,आरती तिवारी के द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिया गया ज्ञापन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी के द्वारा आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सोपा गया ज्ञापन एवं उनसे समस्याओं के समाधान के लिए की गई आग्रह स्वच्छता ग्राहियों द्वारा बताया गया की मां जिस तरह आप सभी के समस्याओं का समाधान किए हैं इस तरह मध्य प्रदेश के 26000 स्वच्छता ग्राहियों की समस्याओं का समाधान करें जिस की 26000 स्वच्छता ग्राहियों के साथ-साथ उनके 5 लाख अभिभावकों की भी स्थिति सुधर सके क्योंकि उनकी स्थिति दायिनी होती जा रही है इनका परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है उनके बीवी बच्चे दो वक्त की रोटी के लिए तड़प रहे हैं परंतु यह अपने ग्राम पंचायत में एवं जनपद पंचायत जिला पंचायत में अपनी सेवा दे रहे हैं वर्ष 2014 से लेकर आज तक परंतु अगर 26000 स्वच्छता ग्राहियों की मांगे नहीं पूरी हो रही है तो कम से कम आप मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के नाते ?26000 स्वच्छता ग्राहियों को इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की कृपा करें जिससे कि अगर जी नहीं सकते तो कम से कम आपके राज में आपकी खुशी से इच्छा मृत्यु तो मिल जाएगी देखने वाली बात यह है कि अभी हाल में ही चुनाव होने वाले हैं विधानसभा के और मामा कहां तक स्वच्छता ग्राहियों का ध्यान देंगे यह तो वक्त ही तय करेगा अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 26000 स्वच्छता ग्राहियों के साथ-साथ उनके 5 लाख अभिभावक कांग्रेस की ओर जाएंगे और अपनी समस्या को अवगत कराएंगे और मां की सरकार गिराएंगे क्योंकि कब तक आप लगाएंगे शिवराज सरकार से 2014 से लेकर 2017 में भी मामा क्या यही घोषणा था

कि मैं जैसे ही मेरी सरकार बनती है तो मैं पहली प्राथमिकता स्वच्छता ग्राहियों को दूंगा परंतु सरकार बन भी गई और सरकार का समापन भी चल रहा है लेकिन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अभी आंखें नहीं खुली कोरोना कल में अपनी जान को जोखिम में डालते हुए जनता की सेवा करने वाले स्वच्छता ग्राही आज दर-दर की ठोकर खा रहे हैं गरीबों के मसीहा बताने वाले शिवराज सिंह चौहान कब देंगे इन पर ध्यान यह तो वक्त ही तय करेगा जो स्वच्छता की बात करेगा जो स्वच्छता की बात करेगा वही मध्य प्रदेश में राज करेगा चाहे वह शिवराज सरकार हो चाहे वह कमलनाथ सरकार हो

# सीईओ एवं बी सी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

मध्य प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत में 29000 स्वच्छता ग्राहियों की नियुक्ति की गई है जो कि यह मध्य प्रदेश बस में ही नहीं है पूरे भारत में इनकी नियुक्ति है प्रत्येक ग्राम पंचायत में परंतु ना तो केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार इन स्वच्छता ग्राहियों के ऊपर ध्यान दे रही है 1अक्टूबर को मानने जा रहे है स्वच्छता दिवस पीएम द्वारा बताया गया की स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अक्टूबर को 1 घंटा स्वच्छता श्रमदान दिया जाएगा परंतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियुक्त स्वच्छता ग्राहियों की स्थिति दैयनीय होती जा रही है उसे पर ना तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ध्यान दे रहे हैं और ना ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ध्यान दे रहे हैं जिससे परेशान स्वच्छता ग्राहियों ने समस्या का समाधान न होने पर इच्छा मृत्यु की भी मांगी अनुमति एवं रीवा जिले के समस्त जनपदों में स्वच्छता ग्राही संघ द्वारा आज सोपा गया ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम मऊगंज जिले के समस्त ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री के नाम से सोपा गया ज्ञापन सीधी जिले में सतना जिले में शहडोल जिले में एवं मध्य प्रदेश के कई जिलों में आज प्रधानमंत्री के नाम से सोपा गया ज्ञापन और मुख्यमंत्री को भी दिए गए ज्ञापन मध्य प्रदेश के समस्त केंद्रीय मंत्रियों को भी सौंप गए ज्ञापन परंतु स्वच्छता ग्राहियों का समस्याओं का नहीं हो पा रहा है समाधान कब होगा स्वच्छता ग्राहियों का बेड़ा पार यह बताएं मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार

# त्योंथर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहरवा से सराई रोड का नहीं हुआ उद्धार



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

सोहरवा से सराई मार्ग की दूरी 3 किलोमीटर जो कि वर्ष 2018 से इस रोड का हुआ है टेंडर पास ठेकेदार 2020 में गिट्टी डालकर हुए लापता जानता है परेशान विधायक है ठेकेदार से हैरान क्या विधायक की नहीं सुन रहे ठेकेदार की जनता को बना रहे हैं बेवकूफ जनता पूछ रही है सवाल विधायक श्यामलाल से क्या हुआ आपका कार्यकाल में सोहरवा में कोई बड़ा कार्य विधायक श्यामलाल द्विवेदी के द्वारा सूती रेस्ट हाउस से सोहरवा 3 किलोमीटर रोड की मंजूरी आज 6 महीने पहले हुई थी परंतु अभी भी उसमें नहीं लगा कम कब आएगा जनता के ऊपर ध्यान पूछ रहे हैं सब श्यामलाल से सबके लाल श्याम लाल विधायक मेरे प्यारे नेता जनता के रखवाले श्यामलाल द्विवेदी जी गरीबों के मसीहा कहलन वाले नहीं आए सोहरवा के इन रोडो का उद्धार करने घोषणाएं तो बड़ी-बड़ी किए हैं परंतु सपने साकार नहीं हुए कब होगा यह सपना साकार हमारा यह पूछ रही है जोहरवा की जनता बेचारे

# ब्रह्मा कुमारीज द्वारा किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आध्यात्मिक प्रवचन




क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

